>

Title: Regarding reported loss of property during the violent protests in Noida on 20 February, 2013.

श्री सुरेन्द्र सिंह नागर (गौतम बुद्ध नगर): सभापति जी, मैं जिस संसदीय क्षेत्र गौतम बुद्ध नगर यानि नोएडा से आता हूं, वह उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला जिला है। अभी पिछले दिनों जब 20 और 21 फरवरी को देशव्यापी हड़ताल हुई तो नोएडा में असामाजिक तत्वों ने वहां इतनी लूटपाट और आगजनी की कि उस क्षेत्र की सारी कानून-व्यवस्था चरमरा गई। यहां तक कि महिलाकर्मियों के साथ बदसलूकी भी की गई। इस हड़ताल के दौरान वहां 1200 औद्योगिक इकाइयों में तोड़-फोड़ की गई, 33 वाहनों को आग लगा दी गई और 1500 करोड़ रुपए का उद्योगों को नुकसान हुआ। मैंने जब इस बारे में गौतम बुद्ध नगर के एसएसपी से फोन पर बात करनी चाही तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। इस हड़ताल के दौरान पूरे प्रकरण में वहां की पुलिस मूकदर्शक बनी रही। नोएडा विश्व पटल पर एक औद्योगिक क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। अगर वहां कानून-व्यवस्था की स्थिति इस तरह की रहेगी और वहां के उद्योगों को सुरक्षा नहीं मिलेगी तो वे पलायन करने को मजबूर हो जाएंगे। इसलिए मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि वह प्रदेश सरकार को निर्देशित करें कि उद्योगों की अलग से सुरक्षा व्यवस्था हो और वहां जो नुकसान हुआ है, उसका मुआवजा दिया जाए। इसके साथ ही जो असामाजिक तत्व दोषी हैं तथा पुलिस निष्क्रिय रही, दोषी लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।